Title : Regarding emission of gas from Asian fertilizer factory, Gorakhpur resulting in outbreak of various diseases.

श्री महबूब ज़ाहेदी (कट्वा) : उपाध्यक्ष महोद्य, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण वि्ाय पर यहां बोलने का मौका दिया है। आप जानते हैं कि गोरखपुर जिले में चौरी-चौरा तहसील है। वहीं के कम से कम 18 गांव- देवकहिया, अवधपुर, देवीपुर, अयोध्याचक, केवलाचक, करमहा, बरही और केवला डाबर इत्यादि गांवों में कम से कम बीस हजार जनता बसती है। उन्हीं के बीच में 1990 से एशियन फर्टिलाइजर फैक्ट्री स्थित है जो कि सिंगल सुपर फास्फेट और सलफ्यूरिक एसिड बनाती है। उस निर्माण की प्रक्रिया में सल्फर ड्राई आक्साइड इत्यादि ज़हरीली गैस कारखाने की चिमनी से धुंए के रूप में निकलती हैं जिसका शिकार मनुय और मवेशी दोनों को होना पड़ता है। इससे चारों तरफ अत्यधिक घातक बीमारियां फैल रही हैं, जैसे उल्टी आना, श्वास की तकलीफ, टी.बी. आदि और इन बीमारियों से बहुत सारे लोग शिकार हो गये हैं। इंसान तो इन बीमारियों से प्रभावित हो ही रहे हैं बल्कि इससे कम से कम 50 भैंसें मर गई हैं । मैं खुद वहां गया था और पीड़ित व्यक्तियों से मिला था तथा किसानों से भी मिला था।

महोद्य, आप भी किसान परिवार से हैं। आपको मालूम होगा कि वहां जितना भी गेहूं और अनाज है, सब जल गया है। वहं इतनी बुरी हालत है। मैं वहां गया था और पीड़ितों से मुलाकात की थी। इसी के साथ ही मैं वहां जो जिले के अधिकारी हैं, उनके आफिस में भी गया था। हमने इस वि्ाय में केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण मंत्री को एक चिट्ठी भी लिखी थी, जिसका जवाब भी मुझे मिल गया है। इस जवाब में यही कहा गया था कि हम इसके बारे में देखेंगे, मगर अभी तब इस दिशा में कुछ भी नहीं किया गया है। जब मैंने वहां के जिलाधिकारी से मुलाकात की थी, तो उन्होंने भी कहा था कि इसको देखेंगे। इसके विरोध में वहां आन्दोलन चल रहा है और वहां हालत बहुत ही खराब हो गया है। आप तो जानते ही है कि जो गैस ऊपर उठती है, वह हवा चलने पर बूंद-बूंद होकर नीचे गिरती है। वहां आज ऐसी ही हालत है। मैं आपके जरिए सरकार से कहना चाहता हूँ कि वहां एशियन फर्टिलाइजर्स के कारण हालत बहुत खराब हो गयी है। मेरी मांग है कि इसे कम से कम वहां से हटाकर किसी दूसरी जगह पर, ऐसी जगह पर जहां कोई जन-बस्ती न हो, लगाया जाए और जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा भी दिया जाना चाहिए। इसी मांग के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।